
3
वर्ष
संगठन
सेवा
संघर्ष
/DrSatishPoonia
Google Play
Dr Satish Poonia
भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

# तीन वर्ष, असंख्य सोपान




महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का अभिनन्दन करते हुए




राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में संबोधन



हल्दीघाटी में शौर्य की प्रतीक मिट्टी का तिलक



केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार



## राम राम सा,

और देखते ही देखते तीन वर्ष कब बीत गए, पता ही नहीं चला। सृजन हो, सेवा हो, समाज हो; उनकी प्रकृति ही ऐसी है कि व्यस्तता समय का बोध ही नहीं होने देती।

जब पीछे लौट कर देखता हूँ, दिखता है- अपना देश, प्रदेश, ग्राम, समाज, परिवार और उन्हीं के बीच खड़ा मैं, चूरू जिले के छोटे से गांव में जन्म हुआ। वहीं राजगढ़ कस्बे में स्कूली शिक्षा पाई। फिर ग्राम व जनपद की सीमा राजधानी तक पहुँची। जयपुर में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध के साथ-साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय दायित्व एवं भूमिका निभाई। छात्र नेता के रूप में अनेक छात्र आंदोलनों का नेतृत्व करने का अवसर मिला और इसी क्रम में समाज व राज की नीति का बृहत्तर आयाम जुड़ता गया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन एवं कश्मीर के मुद्दे पर सत्याग्रह में भागीदारी की। और फिर इसी क्रम में सक्रिय राजनीति ने जन प्रतिनिधित्व का अवसर दिया।

और फिर हमारे दल ने नवीन अवसर दिया, संगठन का। प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में यह गुरुतर दायित्व था। मेरे जैसे सामान्य जन के लिए बहुत कुछ असामान्य भी था। और फिर इसी क्रम में बरस दर बरस बीतते गए।

जब गत 3 वर्षों का यह संगठनात्मक कार्यकाल देखता हूँ, तो लगता है, इसमें कितने आयाम खुले, कितने सोपान चढ़े। इस पुनरावलोकन से जब गुजरता हूँ, पाता हूँ कि संगठन में किए गए कार्यों को मोटे तौर पर तीन आयामों में बाँटा जा सकता है- संगठनात्मक संरचना, रचनात्मक कार्य व आंदोलन।

संगठन हमारा स्वरूप भी है और हमारा संसार भी। यही वह धरती है, जो हमें हमारा आकाश देती है। इसमें जो कुछ जुड़ा और मैं जो कुछ जोड़ सका, यह असंख्य कार्यकर्ताओं का अथक प्रयत्न व समर्पण था। आज भाजपा 50,000 बूथों तक सक्रिय बूथ समितियां गठित कर पन्ना प्रमुखों के महत्वकांक्षी अभियान की ओर अग्रसर है।

सरकारें सामाजिक सरोकारों के लिए बनती हैं। राजनीतिक दल भी सामाजिक सरोकारों की धरती पर ही खड़े होते हैं। कोविड-19 की वैश्विक महामारी आई। और यह समय था, सत्ता व संगठन के समन्वित रूप में सामाजिक सरोकार दिखाने का। कोरोना वायरस की इस भयानक त्रासदी में भी हमने समस्त संगठन के माध्यम से जिस समर्पित भाव से कार्य किया, वह मन को संतोष देता है। और ऐसे ही सरोकारों से भाजपा सरोकारों की पार्टी बनी है।

भाजपा के कार्यकर्ताओं ने 2 करोड़ लोगों तक भोजन राशन एवं उपचार का सहयोग करके सेवा का पराक्रम दिखाया। यही कारण है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भाजपा की राजस्थान इकाई के प्रयासों को सराहा। यह अलग बात है कि सबसे जुड़ कर सबके लिए सेवाकार्य में निरत रहने के दौरान मुझे भी तीन बार संक्रमण से लड़ना पड़ा, परन्तु कार्यकर्ताओं के स्नेह ने मुझे कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया और प्रतिकूलता के बावजूद "चरैवेति, चरैवेति" के मंत्र के साथ चलते रहे।



सामूहिक विवाह सम्मेलन में



शहीद को नमन



बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते हुए



बच्चों के साथ ख़ुशी के पल

# तीन वर्ष, असंख्य सोपान

सामाजिक आंदोलन भी सामाजिक सेवा का ही दूसरा आयाम है, जिसमें हम समस्याओं के प्रति सत्ता को सजग करते हैं, जनता में जागृति लाते हैं। बिजली की बढ़ी दरों के विरुद्ध प्रदेशव्यापी हल्लाबोल, किसान कर्जमाफी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपर लीक, कानून व्यवस्था सहित अनेक मुद्दों पर स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन हुए। इन आंदोलनों में पुलिस द्वारा किया गया दमन और दी गई यातना के जख्म आज भी शारीरिक तथा आत्मिक रूप से पीड़ा का कारण बने हुए है। यातनाओं की पीड़ा अब इस दमनकारी सरकार को आमूल उखाड़ फेंकने के बाद ही शांत होगी।

जनाक्रोश अभियान पूरे देश भर में चर्चित रहा और केंद्रीय नेतृत्व ने इस अभियान को राज्य में सत्ता परिवर्तन का कारण बताया। इस अभियान के जरिए 1.5 लाख किलोमीटर की यात्रा व 64 हजार सभाएं करते हुए 5 लाख कार्यकर्ताओं की सेना द्वारा 2 करोड़ लोगों तक राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर के जरिए अलख जगाने का काम हुआ। इसमें जिस प्रकार का जनसमर्थन प्राप्त हुआ और जिस प्रकार से कार्यकर्ताओं का समर्पण मिला, वह हमें अभिभूत करता है।

हम अनवरत प्रयत्नरत रहे और इसके परिणाम भी फलीभूत हुए। पंचायतीराज चुनावों में भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए भी प्रभावी प्रदर्शन किया और 33 में से 19 जिला परिषदों पर काबिज हुई। पंचायतीराज चुनावों में भी किसी भी विपक्षी दल का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चे हरावल दस्ते के रूप में जमीनी तौर पर स्थापित हो चुके हैं और भाजपा के सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी भावना के लिए संगठन को विस्तार दे रहे हैं। राज्य में भाजपा आज सही मायने में जन आधारित संगठन है और अपनी बहुआयामी गतिविधियों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं को घर-घर तक और हर दर तक सफलतापूर्वक पहुंचा रहा है।

लोकतंत्र की सबसे लोकप्रिय परिभाषा यह है कि यह जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है। यह जनशक्ति ही हमारा प्राण है, जहां कोई गैर नहीं होता, पराया नहीं होता।

मुझे अपनी यात्रा में जो मिला, जिस अपनेपन से मिला, वह अपना ही लगा। सबने हमें अपना माना, हमने सबको ही अपना माना।

मुझे यह संतोष है कि सभी के सहयोग से आज हम संगठन के रूप में पूर्णता व परमोच्चता की ओर अग्रसर हैं। और इसी के साथ मुझे यह विश्वास है कि जनधारणा, जनसमर्थन, जनविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। यह जनविश्वास ही वर्तमान सत्ताधारी कांग्रेस के प्रति जनआक्रोश बना है। हम इस जनविश्वास, सशक्त संगठन और माननीय प्रधानमंत्री जी की लोक कल्याणकारी नीतियों के द्वारा इसी 2023 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करके भाजपा को राज्य में विजयी, अजेय और अभेद्य बनाएंगे।

इत्यलम्!

आपके स्नेह का आकांक्षी
डॉ. सतीश पूनियां
उप नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा
विधायक आमेर


उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के साथ मुलाकात


राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अपनी बात रखते हुए


संत मुरारी बापू से आशीर्वाद लेते हुए


राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन


दिव्यांगों का स्कूटी भेंट करते हुए


जयसमंद झील के बीच में टापू पर बसा बाबा मगरा गांव जहां स्वयं नाव चलाकर पहुँचा और वहां के लोगों की समस्या को जान समाधान का प्रयास किया


रैली को संबोधित करते हुए


/DrSatishPoonia
Google Play Dr Satish Poonia

# प्रवास, संगठन कार्य और भाजपा जनप्रतिनिधि

एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी भारतीय जनता पार्टी के सबसे विशाल भूखंड वाले प्रदेश का अध्यक्ष बनना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। 14 सितंबर 2019 को अध्यक्ष के दायित्व की घोषणा के बाद से मैंने अपना संपूर्ण समय प्रदेश में भाजपा के संगठन को मजबूत करने, केंद्र की लोकप्रिय मोदी सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को जनसेवा की प्रेरणा के लिए लगाया है।

**3.5 लाख** कुल किलोमीटर यात्रा

**250** जिला स्तर पर दौरे
33 जिले 190 विधानसभा क्षेत्र

## भाजपा जन प्रतिनिधि

**143** कुल 352 में से प्रधान

**5** कुल 10 नगर निगम में से महापौर

**19** कुल 33 में से जिला प्रमुख

**505** कुल 1014 में से जिला परिषद सदस्य

**2863** कुल 6993 में से पंचायत समिति सदस्य

**4541** कुल 11316 में से सरपंच

## संगठनात्मक संरचना

**44** कुल 44 में से संगठनात्मक जिले गठित

**7** कुल 7 मोर्चा में से गठित

**19** कुल 19 प्रकोष्ठ में से गठित

**28** कुल 28 विभागों में से गठित

**44** कुल 44 जिला कार्यकारिणी में से गठित

**1126** कुल 1125 मण्डल इकाई में से गठित

**42310** कुल 52062 बूथ समिति में से गठित

**6251** कुल 8930 शक्ति केन्द्र में से गठित

# यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का वीरों की धरती राजस्थान पधारने पर स्वागत



14 मई 2022 को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से सपरिवार मुलाकात का सौभाग्य मिला



एक समृद्धि की सौगात, अब दूसरी पर बढ़ी बात

पीएम मोदी ने दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का पहला फेज (247 किमी) जनता को समर्पित किया; वीसी में सीएम गहलोत ने उठाया ईआरसीपी का मुद्दा

## 13 जिलों के पानी के लिए योजना तैयार, राज्य की मंजूरी बाकी : मोदी

सीएम गहलोत की मांग- ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करें

हर्ष खटाना । दौसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दौसा में देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की सौगात प्रदेशवासियों को दी। हरियाणा के सोहना से लालसोट के बीच कुल 247 किमी का पहला फेज पीएम ने जनता को समर्पित किया। ...

अब जयपुर-दिल्ली साढ़े 3 घंटे में

1355 किमी कुल लंबाई है दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की। अब 24 की जगह 12 घंटे लगेंगे।

247 किमी शुरू, अब दौसा से दिल्ली के बीच साढ़े 3 घंटे लगेंगे। अभी साढ़े 5 से 6 घंटे लगते हैं।

1800 करोड़ लागत आई। मार्च 2024 तक बनकर तैयार हो जाएगा पूरा एक्सप्रेस-वे।

373 किमी का कुल निर्माण होना है राजस्थान में

गहलोत दौसा नहीं गए, लेकिन पीएम को विदा करने राज्यपाल के साथ जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे

सौभाग्य है कि पीएम एक महीने में दो बार राजस्थान आए, अब यहां की प्यास बुझाएं

कहानी सुनाकर पुराना बजट पढ़ने को लेकर तंज

जिस भाषण को एक साल डिब्बे में बंद रखा, उसे ही दोबारा पढ़ दिया

कांग्रेस अटकाने की राजनीति करती है... डबल इंजन की सरकार चुनें

गडकरी ने कहा- इलेक्ट्रिक केबल भी डाली जाएगी



आबू रोड़ पधारने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का साफा पहनाकर स्वागत किया



## आबू रोड़ में मोदी जी का सभी साथियों के साथ अभिनन्दन किया



मानगढ़, बांसवाड़ा आगमन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्वागत किया



आदिवासियों के सबसे बड़े आस्था धाम मानगढ़ पहुंचे पीएम, देश की 8% आबादी को साधा

## मान रखने को मार्ग गढ़ गए मोदी

मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किया, पर फॉर्मूला दिया- राजस्थान समेत 4 राज्य योजना बनाएं

तीन राज्य जोड़े... गहलोत सहित एमपी के सीएम शिवराज, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे

मंच पर भी बात मान-सम्मान की

पीएम ने आदिवासियों को बलिदानी और नायक कहा, बिरसा मुंडा के लिए भगवान शब्द का प्रयोग

गुजरात चुनाव से पहले क्रेडिट के कारण अटका स्मारक का दर्जा?

## आदिवासी समाज का देश ऋणी : मोदी

'17 नवंबर 1913 का काला दिन भूलना असंभव'



/DrSatishPoonia
GET IT ON Google Play
Dr Satish Poonia

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का स्वागत

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का राजस्थान प्रदेश भाजपा पर विशेष स्नेह रहा

## पिछले 3 वर्षों में नड्डा जी ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में आकर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा




12.07.2022 को माउंट आबू में हुए भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का सान्निध्य मिला



02.04.2022 को सवाई माधोपुर में भाजपा एसटी मोर्चे के सम्मेलन में पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का भव्य स्वागत किया गया



जीत का फॉर्मूला • कार्यकर्ताओं को नसीहत-नेता बनने को कड़ी मेहनत जरूरी

### हाउस टू हाउस जाएं, 60% सुनें 40% से ज्यादा नहीं बोलें: नड्डा

जयपुर | बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक्सटेंशन मिलने के छह दिन बाद सोमवार को पहली बार जयपुर पहुंचे। जवाहर सर्किल स्थित एक लॉन में आयोजित बीजेपी की प्रदेश कार्य समिति में उन्होंने राजनीति में काम करने वाले लोगों को खरी-खरी सुनाते हुए नेता बनने से लेकर विधानसभा जीत का फॉर्मूला दे डाला। उन्होंने कहा कि नेता बनने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। काबिलियत लानी होगी। कार्य समिति में मौजूद नेताओं और टिकट पाने की वर्किंग में जुटे लोगों को नसीहत दी कि एमएलए और एमपी बनने की तैयारी की बजाय नेता बनकर पार्टी को मजबूत करें। जनता से जुड़ें, उनकी समस्याएं सुनें। मेहनत करके नेता बनेंगे तो पद ऑटोमेटिक मिलेंगे। नड्डा ने सबसे जमीन से जुड़कर काम करने को कहा। यह तंज भी कसा कि कई बार वे राज्यों में जाते हैं तो कुछ लोग कहते हैं कि आप आते हो तो कुछ मूर्तियां नजर आ जाती हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा

बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति के दौरान फुर्सत के पलों में नेता।

#### राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- गुजरात की तरह वर्किंग करें

नड्डा ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए गुजरात की तरह वर्किंग करनी है। पन्ना समिति को मजबूत करें। अब डोर टू डोर नहीं बल्कि हाउस टू हाउस जाएं। दरवाजे पर जाने की बजाय घर में जाएं। विधानसभा चुनाव में 300 दिन मानें तो घर-घर तक 9-10 बार पहुंचा जा सकता है। वहां जाकर उन लोगों की समस्याएं सुनें। 60% उन्हें सुनें और 40 प्रतिशत ही बोलें।

#### गांधी परिवार पर निशाना

नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी के नाना ने देश को तोड़ने का काम किया, इनके परनाना ने 370 लागू करने का काम किया, अब यह समझ में नहीं आ रहा कि क्या यह प्रायश्चित यात्रा पर निकले हैं?

#### जगह-जगह पर स्वागत, समिति में ग्रांड वेलकम

जेपी नड्डा पार्टी के अध्यक्ष पद पर एक्सटेंशन पाने के बाद पहली बार आने के अवसर पर उनका राजस्थान के बॉर्डर में दाखिल होते

किसान संगत • भाजपा का हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर में सिख समुदाय पर नजर

### कर्जमाफी पर कांग्रेस ने किसानों से छल किया, इन्हें घर बैठाओ : नड्डा

हनुमानगढ़/जयपुर | कृषि प्रधान हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले के किसानों विशेषकर सिख समुदाय को साधने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से जंक्शन स्थित जाट भवन में 'किसान संगत' कार्यक्रम किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने 30 मिनट के भाषण में 23 मिनट किसानों व सिख समुदाय द्वारा देश को दिए गए योगदान और केंद्र सरकार की ओर से किसानों और सिखों के लिए शुरू की गई योजनाओं को ही गिनाया।

जेपी नड्डा कार्यक्रम में पगड़ी पहनकर पहुंचे और 'बोले सो निहाल-सतश्री अकाल' से अपना भाषण शुरू किया। नड्डा ने किसानों को अन्नदाता बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किसान संगत के साथ राजनीतिक मंच भी है। इसके माध्यम से मैं कहना चाहूंगा कि देश के अन्नदाता के साथ लंबे समय तक छल किया गया। कई स्वयंभू किसान नेता बन गए, लेकिन हकीकत में किसानों के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरातल पर काम किया है। पहले यूरिया खाद किसानों को ब्लैक में मिलती थी। एक-दो बोरी खाद देकर सरकार अहसान करती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नड्डा ने कर्जमाफी के मुद्दे पर कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ने हनुमानगढ़ में ही 1, 2, 3, 4 गिनती बोलकर 10 दिन में किसानों का कर्जा माफ करने की बात कही थी, लेकिन अब तक नहीं हुआ। आगामी विधानसभा चुनावों में ऐसे लोगों की छुट्टी कर घर बैठाओ। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। भारत के साथ राजस्थान को भी आगे बढ़ाने की सोच भाजपा की है।

#### किसानों को भी साधा

जेपी नड्डा ने पीएम मोदी और बीजेपी की बदौलत देश के करीब 11 करोड़ किसानों और प्रदेश के 77 लाख किसानों को किसान सम्मान राशि का जिक्र करके मोदी सरकार को किसान हितैषी बताया है। नड्डा ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए भाषण में 1984 के सिख दंगों का भी जिक्र करके कांग्रेस की जमीन को कमजोर करने की कोशिश की है। श्रीजी हरमंदिर साहब को विदेश सहयोग दिलाने के लिए पीएम की पहल, गुरुवाणी से लेकर करतारपुर कॉरिडोर से जुड़ा आस्था के मुद्दे पर बात करके इमोशनली जुड़ाव पैदा करने की कोशिश की है।




10.05.2022 को सूरतगढ़, श्रीगंगानगर में बूथ अध्यक्ष संकल्प सम्मेलन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का साफा पहनाकर स्वागत किया




02.03.2022 को जयपुर में प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का संबोधन

# केन्द्रीय सरकार की नीतियों का प्रसार

## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का राजस्थान की धरा पर स्वागत



10.09.2022 को OBC मोर्चा राष्ट्रीय कार्य समिति, जोधपुर में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं अन्य पदाधिकारी


जोधपुर में केंद्रीय मंत्री का संकल्पः 23 जीतना जरूरी... क्योंकि 24 में 25 चाहिए

**चेहरा नहीं, शाह ने मुद्दे तय किए**

▪ राष्ट्रवाद ▪ हिंदुत्व ▪ कानून-व्यवस्था ▪ महंगाई-रोजगार

मोदी का नेतृत्व, साथ सबका

शाह ने गहलोत को घर में घेरा — गहलोत ने हिंदू यात्राएं रोकीं, सुनियोजित दंगे करवाए: शाह

हर हमले पर सीएम का पलटवार — उदयपुर हमले का आरोपी रियाज भाजपा का सदस्य था : गहलोत


**शाह ने की मिशन-2023 व 2024 पर नेताओं से चर्चा**

एयरपोर्ट पर शाह का स्वागत करते सतीश पूनिया, वसुंधरा राजे और राजेंद्र राठौड़।


**4-5 दिसंबर को Amit Shah का जयपुर दौरा, पूनिया बोले- 10 हजार जनप्रतिनिधियों को मिलेगा मार्गदर्शन**

सतीश पूनिया (Satish Poonia) के साथ ही दूसरे नेताओं का मानना है कि अमित शाह का यह दौरा बीजेपी कार्यकर्ताओं में नई जान फूंकेगा।


THE TIMES OF INDIA

This story is from December 03, 2021

CITY

**Rajasthan BJP gears up for Amit Shah's mega welcome on Sunday**

TNN | Updated: Dec 3, 2021, 09:27 IST

JAIPUR: The state unit of BJP has released the route and points of



03.01.2020 को केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में CAA कानून पर विस्थापितों को संबल देने के लिए रैली का सफल आयोजन किया गया



05.12.2021 को केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का जयपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया

# केन्द्रीय सरकार की नीतियों का प्रसार




यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के उपलक्ष्य में आमेर विधानसभा में आमजन के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच के लिए वेन चलाई गई



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर वोकल फॉर लोकल मुहिम के तहत खादी की दुकान से कुर्ते का कपड़ा खरीदा



जयपुर में रोजगार मेले में रेलवे एवं आई टी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के साथ



जोधपुर में तिरंगा यात्रा के दौरान केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं कार्यकर्ताओं के साथ




वागड जनजाति गौरव यात्रा के दौरान मंचासीन पदाधिकारी



वागड जनजाति गौरव यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए

भाजपा की दो दिनी यात्रा का बेणेश्वर में सभा के साथ समापन

## जनजाति गौरव यात्रा : पूनियां ने 45 किमी चल 9 विधानसभाओं को साधा



यात्रा के समापन पर आयोजित सभा में आदिवासी परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुए।

जयपुर/बांसवाड़ा | द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर डूंगरपुर-बांसवाड़ा में वागड़ अंचल को साधने के लिए निकाली गई जनजाति गौरव यात्रा का सोमवार को बेणेश्वर में सभा के साथ समापन हुआ। इस यात्रा की शुरुआत त्रिपुरा सुंदरी से रविवार को हुई थी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने इस यात्रा में करीब 45 किमी का पैदल सफर तय किया, उनके साथ पार्टी के संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। यात्रा से उन्होंने दोनों जिलों की करीब 9 विधानसभा क्षेत्रों को पार्टी के लिए साधने का काम किया है। हालांकि यात्रा के मार्ग में 4 से 5 विधानसभाओं की ही सीमा बताई गई है। बांसवाड़ा में पांच और डूंगरपुर में चार विधानसभा सीट हैं। पिछले चुनाव में नौ में से महज तीन सीट बीजेपी को मिली थीं।

### आदिवासियों संग देखा राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

पूनियां ने सोमवार को भीमपुर के महादेव मंदिर में अभिषेक कर दूसरे दिन की यात्रा शुरू की। गनोड़ा में युवाओं के साथ गैर खेली, भुवासा में आदिवासी परिवार के घर पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम को देखा। बेणेश्वर पहुंचने पर सबसे पहले माही माता की पूजा अर्चना की, इसके बाद धाम पर मंदिरों में दर्शन कर सभा को संबोधित किया।

## सामाजिक सरोकार के साथ जन्मोत्सव

वर्ष 2013 से ही अपना जन्मदिवस सामजिक सरोकार के साथ मनाता आया हूँ। पिछले 10 वर्षों में जन्मदिवस पर सामूहिक रक्तदान, 200 से अधिक दिव्यांगों को स्कूटी वितरण, लाखों की संख्या में वृक्षारोपण, कार्यकर्ताओं को रक्तदान का संकल्प पत्र भरवाने के साथ वर्ष 2022 में केन्द्र की मोदी सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में 56 हजार से अधिक बालिकाओं के खाते खोलने का संकल्प लिया। इस संकल्प के तहत अपने सहयोगियों के प्रयासों से पूरे राजस्थान की 56 हजार से अधिक बालिकाओं के खाते इस योजना के अन्तर्गत खोले गए और सामान्य जन को इस योजना में जुड़ने का आवाहन किया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सशक्त नारी समृद्ध देश के नारे को बुलन्द करते हुए इस सरोकार को पूर्ण करने का प्रयास किया गया।




04.10.22 बांसवाड़ा से प्रदेश में मोदी सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के विशेष अभियान की शुरूआत की


पूनिया जन्मदिन पर उपहार नहीं लेंगे, एक लाख बेटियों के सुकन्या योजना में खाते खुलवाएंगे

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का 24 अक्टूबर को जन्मदिन है। उन्होंने संकल्प लिया है कि वे इस मौके पर किसी से कोई उपहार या भेंट नहीं लेंगे। एक लाख बच्चियों के सुकन्या समृद्धि योजना में खाते

शादी विवाह में संबल मिलेगा। प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों,


57 बालिकाओं को सौंपी डायरियां: मोदी ने राजनीति को धरातल के सरोकारों से जोड़ा

'सुकन्या समृद्धि योजना केन्द्र सरकार की नहीं, बल्कि भाजपा का जन अभियान'

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया के जन्म दिन पर 'रक्तदान संकल्प महाअभियान'

डिजिटल माध्यम से भरवाएंगे संकल्प पत्र

भास्कर न्यूज | मानपुरा माचेड़ी

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के आगामी 24 अक्टूबर को मनाए जाने जन्म दिन को लेकर आमेर विधानसभा के भाजपा संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा जाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने मानव सेवा के लिए जन्मदिन को सेवा दिवसों के अनुसार मनाने का निर्णय लिया है। इसमें कार्यकर्ता, आमजन रक्तदान के महासंकल्प को लेकर संकल्प पत्र भरेंगे। आमेर भाजपा संगठन के तहत आने वाले मानपुरा, जालसू, रामपुरा, अचरोल तथा आमेर शहर आदि मंडलों के कार्यकर्ताओं की 23 अक्टूबर को वर्चुअल बैठक का आयोजन किया जाएगा। डॉ .पूनिया


आजादी के अमृत महोत्स के उपलक्ष्य में सीआरपीएफ साइकिल रैली में भाग लिया


विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वामी नारायण मन्दिर में प्रकृति वंदन कार्यक्रम में


यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा में वृक्षारोपण किया


जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आमेर विधानसभा में दिव्यांग को स्कूटी प्रदान करते हुए


जन्मदिवस के कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया

# संगठन कार्य




05.11.2022 को झुंझुनू में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए



15.09.2021 को करौली कार्यकर्ता सम्मेलन में









हैदराबाद केन्द्रीय कार्यसमिति में प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ







भाजपा संगठनात्मक बैठक के दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री बी एल संतोष जी के साथ

# संगठन कार्य



11.07.2022 को माउंट आबू में हुए भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संबोधित करते हुए



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में दो चरणों में पारित किए प्रस्ताव

रण के लिए नीति बनाई

मोदी सरकार की ताकत और गहलोत सरकार की कमजोरी को बनाएंगे हथियार

• आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कैंपेन का कोटा से किया आगाज

संबोधन में सियासी संदेश • प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव में मोदी का नाम भुनाएगी भाजपा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूनियां बोले- भारत में पैदा होना सौभाग्य और मोदी के युग में जी रहे यह परम सौभाग्य

ओलिंपिक इतिहास में भारत को सर्वाधिक मेडल मोदी शासन में ही मिले



28.09.2022 को अजमेर में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर में




महिला मोर्चा प्रशिक्षण शिविर के दौरान संबोधित करते हुए

## लक्ष्मणगढ़ से भाजपा का चुनावी शंखनाद, किसानों ने भरी हुंकार



17.10.2022 को लक्ष्मणगढ़ में किसान सम्मेलन के दौरान




युवा मोर्चा प्रशिक्षण शिविर के दौरान संबोधित करते हुए



भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश भड़ाना के साथ



राजस्थान में 2023 में भाजपा की सरकार बनेगी : नड्डा

पार्टी को सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी बनाने के लिए प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ. पूनिया

प्रस्ताव पास कर देशभर के ओबीसी से मोदी को मजबूत करने की अपील

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन

## जन आक्रोश यात्रा



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी जन आक्रोश यात्रा के रथों को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए



राहुल की यात्रा से पहले जयपुर पहुंचे नड्डा, जन आक्रोश यात्रा के 51 रथ रवाना किए

**नाम-वॉर: गहलोत हमारी योजनाओं का नाम बदल रहे, यह हल्की सोच : नड्डा**

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

4 मुद्दों से दौड़ाएंगे विरोध की गाड़ी

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में प्रवेश से पहले भाजपा ने अपनी काउंटर यात्रा की शुरुआत कर दी है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर पहुंचे और यहां जनआक्रोश यात्रा के 51 रथों को रवाना किया। राहुल की यात्रा और गहलोत सरकार के 4 साल पूरे होने के विरोध में भाजपा यह रैली निकालेगी। राहुल की यात्रा जहां पूर्वी राजस्थान के 7 जिलों तक ही सीमित है, वहीं, भाजपा सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। राहुल



झुंझुनूं के भड़ौन्दा कलां में जन आक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए


राजसमंद विधानसभा में जनआक्रोश सभा के दौरान


जन आक्रोश यात्रा में जाने के लिए तैयार खड़े रथ



• जन आक्रोश यात्रा के समापन पर पटेल मैदान में हुई आमसभा, किसानों, भ्रष्टाचार, दुष्कर्म, अपराध के मुद्दों पर प्रदेश सरकार को घेरा

**पूनिया ने केकड़ी के मंच से लगाया नारा... जो सरकार रोजी-रोटी, बिजली-पानी दे न सके वो सरकार बदलनी है**

राहुल गांधी से 14वां सवाल- 3 लाख संविदाकर्मी कब होंगे नियमित

51 किलो की माला पहनाकर किया स्वागत

कांग्रेस की नीतियों व कुशासन पर किया प्रहार




केकड़ी में जन आक्रोश रैली के दौरान कार्यकर्ताओं का जोशिला साथ



पूनियां ने कैला देवी से शुरू की यात्रा

**आमजन से की बात गिनाई गहलोत सरकार की खामियां**

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कैला देवी के किए दर्शन

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बुधवार को करौली में कैला देवी के दर्शन कर जन आक्रोश यात्रा शुरू की। इसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ आमजन से मुलाकात कर राज्य सरकार की खामियों को उजागर

राहुल से पूछा दसवां सवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से दसवां सवाल पूछा है। इसमें सवाल किया है कि राजस्थान की बदहाल सड़कें कब दुरुस्त होंगी?

यात्रा का प्रथम चरण पूरा

जयपुर में निकाली जा रही

करौली जिले में जन आक्रोश यात्रा के तहत कैला देवी मन्दिर से मदन मोहन जी मन्दिर तक 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान ग्रामीण महिलाओं के द्वारा लाई गई बाजरे की रोटी एवं दही का भोजन किया

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन

## जन आक्रोश यात्रा




जन आक्रोश यात्रा के दौरान फतेहपुर विधान सभा के कारंगा – छोटा ग्राम में




भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी जन आक्रोश यात्रा की सुझाव पेटीका का अनावरण करते हुए



कुशलगढ़ बांसवाड़ा में जन आक्रोश सभा को संबोधित किया




बांसवाड़ा विधानसभा में जन आक्रोश रैली के दौरान मंच पर


कहीं नुक्कड़ सभा तो कहीं चौपाल का आयोजन

**जयपुर में जनाक्रोश रैलियां निकलीं**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

**Jan Aakrosh Yatra: BJP ने किया बड़ा दावा, कहा-2 करोड़ लोगों तक पहुंचे, 14 लाख शिकायतें मिली**




अपनी आमेर विधानसभा में जन आक्रोश सभा के दौरान



धरियावद में जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए



जन आक्रोश यात्रा में जन सम्पर्क के दौरान


**सरकार के खिलाफ माहौल ही नहीं जनाक्रोश भी है - पूनिया**

Rajasthan News: बीजेपी ने जोधपुर से शुरू की जन आक्रोश यात्रा, अरुण सिंह ने गहलोत सरकार को दी ये चेतावनी


**People are fed up with misrule of Congress, Poonia lashes out**

Satish Poonia asks his 5th question to Rahul Gandhi

A complaint box has been set up where people can put their complaints for the govt

**राजस्थान में BJP शुरू करेगी 'जन आक्रोश यात्रा', वोटरों से सुझाव ले चुनावी रणनीति बनाने का प्लान**

गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार 17 दिसंबर को चार साल पूरे कर रही है। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पूनिया ने कहा कि लोग कांग्रेस के कुशासन के कारण उससे तंग आ चुके हैं।


**'कांग्रेस ने पेपर लीक किए, प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है, कांग्रेस को परमानेंट वीक कर देंगे, डिलीट कर देंगे'**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने भरतपुर में कलैक्ट्रेट के घेराव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर सैकड़ों की संख्या में गिरफ्तारियां दीं।
- जनआक्रोश एवं हल्लाबोल कार्यक्रम में करीब 5 हजार से अधिक संख्या में आमजन पहुंचा।

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन



प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन



कम्पनी बाग में भाजपा की जन हुंकार रैली में प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का सरकार पर हमला

## अस्पताल बीमार, स्कूल लाचार, बिजली-पानी के लिए प्रदेश में त्राहिमाम-पूनिया

उप नेता प्रतिपक्ष राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चतुर्वेदी व दिलावर ने आरोपों से घेरा कांग्रेस सरकार को

खटखटाया कलक्ट्रेट का गेट, सांसद ने भी दिखाई ताकत, बोले प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया...

## कांग्रेस सरकार को उखाड़ने के लिए भरतपुर को चुना



## BJP holds Jan Akrosh rally in Bundi against State Govt

Rathore slams state govt for celebrating 3rd anniv

First India Bureau

Bharatpur: Deputy Leader of Opposition Rajendra Rathore stopped at Bharatpur on his way to Dholpur on Wednesday, where he interacted with journalists at a ...

BJP State president Satish Poonia addresses Jan Akrosh Rally.

First India Bureau

Bundi: Jan Aakrosh Rally 'Halla Bol' programme was organised by BJP against the state ...

*The party will bring the truth to the people by showing Congress manifesto in 8 districts and ...*




अलवर में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन-हुँकार रैली में संबोधन



प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ वीरांगनाओं के अपमान को लेकर विरोध जताया



## NO HEADWAY AS BJP HOLDS HUGE PROTEST DEMANDING CBI PROBE IN REET PAPER LEAK



# प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन



भाजपा का प्रदर्शन : मुख्यमंत्री आवास के घेराव से पहले नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

## बिगड़ती कानून व्यवस्था पर हल्ला बोल

### राज्य सरकार के खिलाफ लगाए नारे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. भाजपा ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों पर शनिवार को राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा नेता और कार्यकर्ता सुबह 11 बजे शहीद स्मारक पर जुटना शुरू हो गए। यहां से प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए कूच किया।

भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री आवास पहुंचने से पहले ही पुलिस ने सिविल लाइंस फाटक पर बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री आवास तक नहीं जाने दिया।

इसके बाद सिविल लाइंस फाटक पर ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, सवाई माधोपुर सांसद

मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया (गोले में) पुलिस घेरे को तोड़ने का प्रयास करते हुए। फोटो : अनुग्रह सोलोमन



गायों में फैली लंपी बीमारी पर कांग्रेस सरकार की लापरवाही को लेकर धरना – प्रदर्शन



15.12.2021 को कांग्रेस सरकार के खिलाफ बूंदी में जन आक्रोश रैली में संबोधन



बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सड़कों पर उतरी भाजपा

## सरकार को घेरने निकले नेता हिरासत में लिए

प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं : राज्यवर्धन

जयपुर में भाजपा का घेराव, पुलिस ने वाटर कैनन से रोका



## पूनियां ने ओसियां में हल्ला बोल आंदोलन का नेतृत्व किया

जयपुर, (कासं.)। सम्पूर्ण किसान कर्जमाफी, बिगड़ी कानून व्यवस्था, बढ़ी बिजली दरें, लम्बित भर्तियां, परीक्षाओं में धांधली इत्यादि जनहित के मुद्दों को लेकर जनविरोधी व वादाखिलाफी कांग्रेस की गहलोत सरकार के खिलाफ जोधपुर के ओसियां में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने हल्ला बोल आंदोलन का नेतृत्व किया, इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ताओं व आमजन का जनसैलाब उमड़ा।

ओसियां में डॉ. पूनियां ट्रैक्टर पर बैठकर करीब 500 ट्रैक्टरों के काफिले के साथ हजारों किसानों की मौजूदगी में उपखण्ड मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किए गए। 15 दिसंबर को राजधानी जयपुर में दो लाख से अधिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूनियां ने किसानों से कृषि बिलों के बारे में पूछा तो स्थानीय किसान जुंजाराम ने बताया कि "इण कानून के बारे में ज्यादा तो मने ठा कोनी पर अबके साको रा भाव चौखा है"। बुजुर्ग महिला काश्तकार मोडी देवी ने पूनियां के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।

इस दौरान डॉ. पूनियां के साथ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भैराराम सियोल, जोधपुर देहात दक्षिण के भाजपा जिला अध्यक्ष जगराम बिश्नोई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे। केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान में बाजरा का एमएसपी मूल्य 2250 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने से मारवाड़ का किसान खुश है।

पूनियां ट्रैक्टर पर बैठकर करीब 500 ट्रैक्टरों के काफिले के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।



रीट पेपर लीक : सदन से सड़क तक आंदोलन, दिलावर बेहोश, पूनिया सहित कई चोटिल

## भाजपा का हल्ला बोल : बैरिकेड तोड़े, पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

प्रदेश प्रभारी सहित नेता, कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

सभा में बरसे नेता

अरुण सिंह : रीट में 500 से हजार करोड़ का घोटाला

कटारिया : मामले की जांच तुम्हारे काकाजी को दो

राठौड़ : चीटर सरकार है यह

किरोड़ी : सरकार ने जारी की भ्रमित किया

नजर नहीं आए शहर के ज्यादातर नेता



'रीट में चीट' पर भाजपा का प्रदेशभर में प्रदर्शन

## पुलिस से धक्का-मुक्की बैरीकेडिंग तोड़कर कार्यकर्ता बाइस गोदाम पहुंचे

सतीश पूनिया, हिमांशु शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

शिक्षा मंत्री और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष को हटाने और सीबीआई जांच की मांग



पूनिया बोले- महिलाओं को गहलोत सरकार की शक्ल बिगाड़नी चाहिए:

कहा- कांग्रेस आई बिजली गई, अब फ्यूल सरचार्ज की मार



गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ पैदल मार्च कर विरोध जताया



/DrSatishPoonia
Google Play Dr Satish Poonia

# प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात

## राजस्थान एसोसिएशन, यू.के. के विशेष आग्रह पर लंदन में प्रवासी सम्मेलन में भाग लिया


लंदन में राजस्थान एसोसिएशन, यू.के. के सदस्य और उनके परिजनों के मध्य खुशी के पल


दुबई में प्रवासी राजस्थानियों के साथ एक सुखद मुलाकात

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान



पुणे में प्रवासी राजस्थानी सभा में संबोधित करते हुए


बेंगलुरू में प्रवासी राजस्थानी सभा के दौरान


हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी समारोह में वहां के रह वासियों से मुलाकात


थाने, महाराष्ट्र में प्रवासी राजस्थानी मित्रों के साथ होली महोत्सव मनाया


इंग्लैंड के सांसद श्री बॉब ब्लैक मेन से निवास स्थान पर मुलाकात


यू.के.के डिप्टी हाई कमिश्नर श्री पीटर कुक से अपने निवास पर भेंट


ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त श्री बैरी ओ'फारेल से भेंट हुई


कर्णावती, गुजरात में प्रवासी राजस्थानी समारोह में गुजरात चुनाव में भाजपा के सहयोग के लिए अपील की



भाजपा की 75 किमी तिरंगा यात्रा

जयपुर | भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने आमेर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ मोटरसाइकिलों पर 75 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाली। देवका हरवाड़ा स्थित देवनारायण मंदिर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ प्रदेश प्रभारी महामंत्री अरुण सिंह ने किया। यात्रा रायथल तक पहुंची। प्रदेशाध्यक्ष और

## आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत आमेर विधानसभा में 75 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई

### डॉ. सतीश पूनिया देश के सबसे असरदार विधायकों में शामिल

भास्कर न्यूज | मानपुरा माचेड़ी



द फेम इंडिया एशिया पोस्ट द्वारा 50-3 म्दा विधायक सर्वे-2020 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं आमेर विधायक डॉ.सतीश पूनिया को प्रदेश के सबसे आदि के विश्लेषणात्मक रिपोर्ट के आधार पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनियां को पूरे देश में सबसे असरदार विधायक की श्रेणी में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि समाज के लिये बेहतर करने वालों को प्रोत्साहित करने का काम रहे फेम इंडिया-एशिया पोस्ट ने देशभर के विधायकों के बारे में सर्वे करवाया

### जरूरतमंदों के राशन सामग्री के लिए आमेर विधायक ने दिए 30 लाख

10 लाख जालसू, 20 लाख आमेर पंचायत समिति तथा आमेर शहर के वार्डों के लिए

जयपुर टाइम्स

लाख रुपए तथा आमेर शहर में वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4 के लिए 10 ... पहुंचे। गौरतलब है कि इससे पहले डॉ पूनिया विधानसभा क्षेत्र में 10

अच्छी खबर...कोरोना जांच व दवाइयां, संक्रमित परिवार को भोजन, घर-घर सर्वे जैसी सुविधाएं दी जाएंगी, पंचायतों में चिकित्सा कैंप लगेंगे

### दौलतपुरा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कोविड मरीजों के लिए 50 बेड का विधायक जन सहयोग केन्द्र शुरू किया, निशुल्क उपचार मिलेगा

हेल्पलाइन नं. 8955988121 से आमेर विधानसभा के लोगों को चिकित्सा सुविधाएं

### एंबुलेंस के लिए विधायक कोष से 25 लाख स्वीकृत

भास्कर न्यूज | जालसू

कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में आमेर विधायक डॉक्टर सतीश पूनिया ने ... कि उन्नत श्रेणी की अत्याधुनिक उपकरणों से व्यवस्थित एंबुलेंस होने से जालसू सहित आसपास के करीब 70 गांव के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही अत्याधुनिक एंबुलेंस होने के कारण आवश्यकता पर लोगों

### अच्छी खबर : आमेर में 13 सड़कों के निर्माण के लिए नॉबार्ड ने जारी किए 3.12 करोड़ रु



राहत की खबर • आमेर क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना से हल होगी समस्या

### आमेर में पेयजल के लिए 47.20 करोड़ स्वीकृत

### आमेर में 3 उपकेंद्र पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत, एक नवीन उपकेंद्र की घोषणा

पशुपालकों को मिलेगी सुविधा

भास्कर ने आमेर में उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय खोलने का उठाया था मुद्दा

### विधानसभा में वि धायक ने उठाई आमेर में राजकीय महाविद्यालय खोलने की मांग



तिरंगा राखी संगम कार्यक्रम में आमेर परिवार की महिलाओं ओर सांसद दिया कुमारी जी के साथ





लाहोटी ने विधायक कोष का 32 फीसदी भी नहीं खर्चा: कांग्रेस विधायक गोपाल मीणा भी इस लिस्ट में शामिल, पूनिया सबसे आगे

**काम करवाने में सतीश पूनिया सबसे आगे**

दैनिक भास्कर

अपने विधायक कोष से अपने क्षेत्र की जनता के जरूरी काम करवाने के मामले में आमेर विधायक सतीश पूनिया सबसे आगे है। उन्हें सरकार की ओर से अब तक 14 करोड़ 25 लाख रुपए मिले है, जिसके मुकाबले उन्होंने विधायक कोष से 14 करोड़ 84 लाख रुपए खर्च कर चुके है। सरकार का प्रावधान है कि कोई भी विधायक अपने विधायक कोष के अलावा 5 फीसदी अतिरिक्त राशि के विकास कार्य की अनुशंसा कर सकता है। इस कारण उन्होंने अपने विधायक कोष के बाद भी अतिरिक्त 5 फीसदी राशि स्वीकृत की।

विधानसभा और उसके बाहर विधायक शहर में विकास के काम नहीं होने का हमेशा रोना रोते है। लेकिन इन्हीं विधायकों को जब सरकार विकास के काम करवाने के लिए पैसे देती है तो ये पैसा उनसे खर्च तक नहीं होता। यही कारण है कि पिछले 4 साल के अंदर जयपुर के 19 विधायकों को जो सरकार

| विधायक | खर्च राशि | खर्च का प्रतिशत |
|---|---|---|
| राजेन्द्र यादव | 1389.5 | 97.5 |
| अशोक लाहोटी | 447.49 | 31.4 |
| सतीश पूनिया | 1484 | 104.14 |
| गंगादेवी | 950.73 | 66.71 |
| लालचंद कटारिया | 1285.53 | 90.21 |
| लक्ष्मण मीणा | 1214.49 | 85.22 |
| गोपाल मीणा | 376.93 | 26.45 |
| अमीन कागजी | 1331.04 | 93.40 |
| प्रताप सिंह खाचरियावास | 1045.90 | 73.39 |
| रामलाल शर्मा | 1350 | 94.73 |
| निर्मल कुमावत | 1370 | 96.14 |
| आलोक बेनीवाल | 1425 | 100 |
| नरपत सिंह राजवी | 1020.19 | 71.59 |
| कालीचरण | 1400 | 98.24 |
| वेदप्रकाश सोलंकी | 1411.44 | 99.40 |
| इंद्राज गुर्जर | 1425 | 100 |
| बाबूलाल नागर | 1425 | 100 |
| रफीक खान | 590.97 | 41.47 |
| महेश जोशी | 788.63 | 55.34 |

**आमेर विधानसभा के निम्नांकित कार्यों को विधानसभा के सदन पटल पर रख निवारण करवाया और कुछ का अपने स्तर पर समाधान किया**

**स्वास्थ्य**

- आमेर सी.एस.सी. को सेटेलाइट अस्पताल में क्रमोन्नत किया
- जालसू सी.एस.सी. को आदर्श अस्पताल बनाया
- जालसू में बी. सी. एम. ओ. कार्यालय खुला
- गुढासर्जन में नया पशु चिकित्सालय और रायथल, बिहारीपुरा, जयरामपुरा में पशु चिकित्सा उपकेन्द्र क्रमोन्नत

**शिक्षा**

- विद्यालयों में कक्षा कक्षों का निमार्ण करवाया ।
- विद्यालयों में पेयजल व अन्य सुविधाएं की ।
- विधानसभा में राजकीय महाविद्यालय खोलने की मांग की

**प्रशासन**

- चंदवाजी को उप तहसील का दर्जा
- जालसू को तहसील का दर्जा
- रामपुरा में नया उपखण्ड कार्यालय

# कोरोना में लॉकडाउन के दौरान सामाजिक सरोकार

## मार्च 2020 में जब कोविड19 की पहली और उसके बाद अप्रैल 2021 में दूसरी लहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाते जन सेवा कार्य किए साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं को इस कार्य के लिए प्रेरित किया


"सहयोग किचन" की सहायता से लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को भोजन मुहैया करवाया


लॉकडाउन के दौरान कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए सेनेटाइजेशन किया


लॉकडाउन के दौरान कोरोना योद्धाओं को मास्क और सेनेटाइजर वितरित किया


लॉकडाउन के दौरान 'चरण पादुका अभियान' चलाकर प्रवासी मजदूर भाई-बहिनों को पादुका पहनाई


कोरोनाकाल में अपने घर लौट रहे प्रवासी लोगों को खाद्य सामाग्री वितरित की


लॉकडाउन के दौरान बाल संरक्षण आश्रम जाकर बच्चों के हाल-चाल जाने और सहायता की

## प्रदेश भाजपा संगठन सेवा एवं सामाजिक कार्य

### लॉकडाउन के दौरान प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा पूरे राज्य में जनसेवा अभियान के अन्तर्गत किए गए कार्य

- भोजन पैकेट वितरण — 1,90,25,350
- सूखा राशन पैकेट वितरण — 57,33,150
- फेस मास्क वितरण — 91,75,450
- आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड — 83,18,510
- पी.एम. केयर्स फण्ड में सहायता — 49,10,25,150
- यूनिट रक्तदान — 11,736

### यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस सेवा सप्ताह में सामाजिक सरोकार के कार्य

- प्लास्टिक मुक्त अभियान — 35,327 स्थानों पर कार्यक्रम
- कृत्रिम उपकरण वितरण — 15,141 दिव्यांगों को
- वृक्षारोपण अभियान — 77,020 कुल संख्या
- फल वितरण — 46,610 कुल संख्या
- रक्तदान शिविर — 12,387 यूनिट
- स्वच्छता अभियान — 52,168 कुल संख्या

### किसान कल्याण विधेयक एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान

- ग्रामीणों में छोटी- बड़ी चौपाल — 6000 पूर्ण
- गृह सम्पर्क योजना — 15,000,00 पूर्ण
- 5 लाख लक्ष्य — बूथ स्तर पर आत्मनिर्भर भारत लाभार्थी संख्या 1 लाख 65 हजार पूर्ण

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर कार्यक्रम

- बूथों पर कुल झण्डे लगे — 50,1020
- कार्यक्रम हुए — 3169 स्थानों पर

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यक्रम

- 1 लाख — विद्या भारतीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अनुमानित

## जीवन परिचय

# डॉ. सतीश पूनियां



**जन्म :** ग्राम बेवड , तहसील : राजगढ़ (चूरू)
**जन्म दिनांक :** 24 अक्टूबर 1964
**स्कूली शिक्षा :** राजगढ़ (चूरू)
**स्नातक :** जीव विज्ञान (बी.एस.सी) महाराजा कॉलेज, जयपुर (1986)
**विधि स्नातक :** राजस्थान विश्वविद्यालय (1989)
**स्नातकोत्तर :** भूगोल (1994)
**पीएच.डी. :** भूगोल (2016)
**अतिरिक्त शिक्षा :** श्रम विधि (1990), अपराध शास्त्र (1991) एवं इतिहास - संस्कृति (1992) में डिप्लोमा

## छात्र राजनीति

- 1982 से 1993 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कॉलेज इकाई प्रमुख से लेकर प्रदेश मंत्री तक के दायित्व।
- महासचिव : 1989 में राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र संघ महासचिव।

विशेष : छात्र संघ चुनाव की बहाली, बोफोर्स भ्रष्टाचार के विरूद्ध आंदोलन, कश्मीर आंदोलन के दौरान जेल, श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में कार सेवा में भागीदारी, डॉ. हेडगेवार ओलंपिक्स का सफल आयोजन सहित विद्यार्थी परिषद के विस्तार के लिए 10 वर्षों तक प्रदेश व्यापी प्रवास।

## युवा राजनीति

- 1992 से 1998 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का दायित्व।
- 1998-1999 भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व।

  विशेष : भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में अजमेर से भरतपुर तक सामाजिक एवं रचनात्मक मुद्दों को लेकर 500 किलोमीटर की ऐतिहासिक युवा जागरण पदयात्रा।
- सन 2000 से 2004 तक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य।
- पंजाब प्रभारी के रुप में कार्य।

## राजनीतिक जीवन

- 2000 में सादुलपुर (चूरु) से विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी।
- सन 2004 से 2014 तक 4 बार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री का दायित्व।
- 2011 में लालकृष्ण आडवाणी जी के नेतृत्व में जन चेतना यात्रा के प्रदेश संयोजक के रुप में सफल आयोजन।
- 2013 में आमेर से विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी।
- 2018 में आमेर से विधायक चुना गया।
- 15 सितम्बर 2019 - 23 मार्च 2023 के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिला।

विशेष : मार्च 2020 के बाद कोरोना महामारी के दौरान आमेर तथा प्रदेशभर में भोजन, राशन एवं उपचार के जरिए सेवा कार्यों की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। जिसकी माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी प्रशंसा की। पार्टी की संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ करते हुए सभी 33 प्रशासनिक जिलों एवं 190 विधानसभा क्षेत्रों तक सघन प्रवास किए। संगठन, सेवा और संघर्ष के तीन आयामों का अनुसरण करते हुए राज्य भर में कानून व्यवस्था, बिजली, किसानों एवं युवाओं के मुद्दों, बेरोजगारी, पेपर लीक सहित अनेक मुद्दों पर प्रभावी आंदोलनों का नेतृत्व किया।

- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व की प्रेरणा से विगत 9 वर्षों से जन्मदिवस को सामाजिक सरोकारों से जोड़ कर दिव्यांगों को स्कूटी, रक्तदान, वृक्षारोपण, प्रतिभा सम्मान, वरिष्ठ जन सम्मान आयोजित करने सहित बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाए।
- सम्प्रति : उपनेता प्रतिपक्ष, भाजपा विधायक दल राजस्थान विधानसभा।

# जन आक्रोश यात्रा एवं सभा

**प्रदेश की अराजक, निरंकुश और शासन में विफल कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदेश व्यापी आंदोलन जो दिसम्बर 2023 में कांग्रेस की विदाई और भाजपा के सूर्योदय का जनक होगा**

- 200 विधानसभा में 1.5 लाख कि.मी. से अधिक क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा और 175 से अधिक जन सभाएं
- 2 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जन संपर्क और 14 लाख 51 हजार जन समस्याऐं एकत्रित हुई
- जनआक्रोश यात्रा में 64000 चौपाल और नुक्कड़ सभाएं



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. नड्डा जी जन आक्रोश यात्रा को रवाना करते हुए

खोतड़ी विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश सभा के दौरान संबोधित करते हुए













